KOTHARI
PRODUCTS LIMITED

KPL/2017-18/BSE
07.02.2018

| Bombay Stock Exchange Ltd.<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>25th Floor, Dalal Street<br>MUMBAI- 400001<br>Scrip Code : 530299 | National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange Plaza, 5th Floor<br>Plot No. C/1, G Block,<br>BANDRA Kurla Complex<br>Bandra (E)<br>MUMBAI- 400051<br>Symbol : KOTHARIPPRO |
|---|---|

**Sub : COPIES OF NOTICE OF TRANSFER OF SHARES TO THE INVESTOR EDUCATION AND PROTECTION FUND AUTHORITY AND REVISED NOTICE OF BOARD MEETING PUBLISHED IN NEWSPAPERS**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements ) Regulations 2015, we are attaching herewith scanned copies of the below mentioned newspapers in which we have published Notice of the transfer of shares to the Investor Education and Protection Fund Authority and Notice of the Company's Revised Board Meeting for considering Un-audited Financial Results for the Third Quarter & Nine Months ended on 31st December, 2017 of our Company :-

| NAME OF NEWSPAPERS | DATED | LANGUAGE | EDITION |
|---|---|---|---|
| Hindustan | 6th February, 2018 | Hindi | Kanpur |
| Business Standard | 6th February, 2018 | English | New Delhi |

| NAME OF NEWSPAPERS | DATED | LANGUAGE | EDITION |
|---|---|---|---|
| Hindustan | 7th February, 2018 | Hindi | Kanpur |
| Business Standard | 7th February, 2018 | English | New Delhi |

Please take the aforesaid on records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For **KOTHARI PRODUCTS LIMITED**

KOTHARI PRODUCTS LTD. KANPUR

**(RAJ KUMAR GUPTA)**
**CS & COMPLIANCE OFFICER**
**FCS- 3281**
Address:
**" Pan Parag House**
**24/19, The Mall,**
**Kanpur**

**Regd. Off. :** " Pan Parag House", 24/19, The Mall, Kanpur - 208 001 (INDIA)
Phone : +91 512 2312171-72-73-74 • Fax: +91 512 2312058
E-mail: info@kothariproducts.in • Website : http://www.kothariproducts.in
CIN No. - L 16008 UP 1983 PLC 006254

रिमझिम इस्पात के एमडी सबसे ऊंची बोली लगाकर बने नए मालिक, पांच हजार को मिलेगा रोजगार

# 243 करोड़ में नीलाम हुई एलएमएल

हिन्दुस्तान एक्सक्लूसिव

कानपुर | अभिषेक गुप्ता

दोपहिया वाहन बनाने वाली दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनी एलएमएल (लोहिया मशीन्स लिमिटेड) नीलाम हो गई। शहर के पांच उद्योगपतियों ने नीलामी में हिस्सा लिया। इसमें रिमझिम इस्पात लिमिटेड के मालिक योगेश अग्रवाल ने सबसे ऊंची बोली लगाकर 243 करोड़ रुपए में एलएमएल का मालिकाना हक हासिल कर लिया।

कंपनी की सुनवाई एनसीएलटी (नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल) में चल रही थी। इनसॉल्वेंसी और बैंकरप्सी कोड के तहत रिकवरी की प्रक्रिया छह महीने पहले शुरू हुई थी। अब एलएमएल को नए सिरे से खड़ा किया जाएगा। छह महीने में औपचारिकताएं पूरी कर फैक्ट्री को अपडेट कर फिर से एलएमएल स्कूटर देशभर के बाजारों में कानपुर का नाम रोशन करेगा। कंपनी की स्थापना 1982 में की गई थी। इसका विधिवत उद्घाटन 1985 में हुआ था। इस दोपहिया वाहन कंपनी पर कर्मचारियों, बैंकों और अन्य 10 वित्तीय संस्थानों का 350 करोड़ रुपए बकाया है। 105 करोड़ मूलधन और शेष ब्याज की रकम है। दिवालिया होने के बाद पिछले साल 20 मई को बैंकिंग दिवालिया कोड के तहत एलएमएल का मामला एनसीएलटी गया। एनसीएलटी ने समाधान के लिए 24 फरवरी 2018 तक का समय निर्धारित किया था। 22 जनवरी को नीलामी का प्रथम चरण और 2 फरवरी को दूसरा व अंतिम चरण था। रिमझिम के एमडी योगेश अग्रवाल ने 243 करोड़ की बोली लगा एलएमएल खरीद ली। फैक्ट्री में करीब दस महीने से उत्पादन बंद था जबकि एक्सपोर्ट ऑर्डर पिछले साल अक्तूबर तक पूरे किए गए।


पनकी स्थित इसी एलएमएल फैक्ट्री पर अब रिमझिम इस्पात का हो जाएगा कब्जा।

## बैंकों और फाइनेंस कंपनियों ने बनाया ग्रुप

नौ वित्तीय संस्थानों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व में एक कंसोर्टियम बना लिया है। इसके अलावा एडिलवाइस एसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी, बैंक ऑफ इंडिया और स्ट्रेस्ड एसेट्स स्टेबलाइजेशन फंड (एसएएसएफ) का भी कंपनी पर बकाया है। एनसीएलटी इलाहाबाद बेंच की तरफ से नियुक्त सीए अनिल अग्रवाल के मुताबिक नीलामी में शामिल होने वाली कंपनियों के साथ उन्हें 25 बैठकें हुईं और एलएमएल की संपत्ति व शर्तों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तब दो फरवरी को नीलामी की अंतिम प्रक्रिया पूरी हो सकी।

## फिर खड़ी होगी कंपनी, बढ़ेगी शहर की शान

रिमझिम इस्पात एलएमएल को नए सिरे से खड़ा करने की तैयारी कर रही है। पूरी कंपनी का रिवाइवल प्लान बनाया जा रहा है। एलएमएल की सबसे बड़ी पूंजी उसका 'ब्रांड नेम' जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है। रिमझिम इस्पात के पास एलएमएल के सारे एसेट्स, संपत्ति और कंपनी ब्रांड का भी मालिकाना हक आ गया है। यही वजह है कि कोलेब्रेशन के साथ नए सिरे से कंपनी को खड़ा किया जाएगा। नए सिरे से एलएमएल स्कूटर और कंपोनेंट्स का उत्पादन किया जाएगा।

## 10 लाख रुपए से खड़ी कंपनी ने छीन ली थी बजाज की बादशाहत

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

लोहिया मशीन्स लिमिटेड का अतीत बेहद गौरवशाली रहा है। एलएमएल स्कूटर के जरिए ऑटो मोबाइल बाजार में बजाज जैसे दिग्गज कारोबारी घराने की बादशाहत को चुनौती देने का माद्दा कानपुर की मिट्टी और पानी में खुली उद्यमिता की एक मिसाल है। स्टाइल, पिकप, कलर और स्पीड के दम पर एलएमएल देश की पहली ऐसी कंपनी थी, जिसने बजाज स्कूटर का अस्तित्व उस समय खतरे में डाल दिया था।

एलएमएल के संस्थापक लोहिया परिवार की मूल जड़ें फर्रुखाबाद में हैं, जहां 1850 तेल का छोटा सा व्यापार शुरू हुआ। आजादी के बाद हालात कुछ बदले तो ऋषभ कुमार लोहिया ने 1955 में कानपुर का रुख किया। उद्योगों की इस नगरी में उन्होंने जितेन्द्र राइस एंड ऑयल मिल की स्थापना की। तकनीक की ओर रुझान के चलते 1963 में उन्होंने अपने भाई के साथ लोहिया इंजीनियरिंग वर्क्स की नींव डाली। इस फैक्ट्री में कूलर के पम्प बनाए जाते थे। कारोबार बढ़ने पर फर्रुखाबाद की दौड़ जरा कम हो गई, इसलिए 1965 में पूरा लोहिया परिवार कानपुर आ गया।

### मिसाल से कम नहीं

- 1983 में एलएमएल देश की 10 टॉप कंपनियों में थी शुमार
- देश में सबसे लोकप्रिय ब्रांड का खिताब भी हासिल किया

19 नवम्बर 1972 में लाला सोहन लाल सिंघानिया के साथ मिलकर लोहिया मशीन्स का जन्म हुआ। इस कंपनी पर दोनों ने दस लाख रुपए की पूंजी लगाई। फैक्ट्री में स्कूटर उत्पादन की इकाई लगाई गई। उस समय स्कूटर की दुनिया में बजाज का एकछत्र राज था। किस्मत और मेहनत ने साथ दिया और नए डिजायन और स्टाइल के एलएमएल स्कूटर देखते ही देखते देशभर में छा गए। 1983 में लोहिया मशीन्स का नाम शीर्ष 10 कंपनियों में शामिल हो गया। उसी साल एलएमएल को देश के सबसे लोकप्रिय ब्रांड का दर्जा दिया गया। सफलता के चरम दौर में साझेदारों में विवाद हो गया। नतीजा यह कि नामी कंपनी लोहिया मशीन्स से लोहिया परिवार ने नाता तोड़ लिया।

## टेक्नोलॉजी में पिछड़ने से लग गया ताला

ये भी अजब संयोग है कि एलएमएल जैसी कंपनी ने बजाज स्कूटर को मात केवल टेक्नोलॉजी व स्टाइल के दम पर दी थी। आज वही कंपनी टेक्नोलॉजी अपग्रेड न करने की वजह से बाजार से बाहर हो गई और आखिरकार नीलाम हो गई। घाटे के कारण फैक्ट्री में कई बार ले-आफ का नोटिस चस्पा किया गया। प्रबंधन ने इसका कारण आर्डर न मिलने से उत्पादन प्रभावित होना बताया गया। आखिरी समय में फैक्ट्री में उत्पादन विदेश से मिलने वाले ऑर्डरों पर ही निर्भर था। एनसीएलटी में मामला जाने से पहले फैक्ट्री ने सिक यूनिट (बीमार) बताकर बाइफर में मामला दाखिल किया था। फैक्ट्री ने बैंकों और सरकार से मदद भी मांगी थी।

## पांच उद्योगपतियों ने लगाई खरीद के लिए बोली

- रिमझिम इस्पात लि., प्रबंध निदेशक योगेश अग्रवाल – 243 करोड़ रुपए
- नील इंडस्ट्रीज, निदेशक, सुबोध अग्रवाल – 241 करोड़ रुपए
- पैनम स्टील, प्रबंध निदेशक प्रवीण नेमानी – 180 करोड़ रुपए
- लोहिया स्टारलिंगर, प्रबंध निदेशक राजीव लोहिया – 151 करोड़ रुपए
- डाल्फिन डेवलपर्स लि., प्रबंध निदेशक विश्वनाथ गुप्ता – 142 करोड़

एलएमएल की अरबों की संपत्ति
- दादानगर में एलएमएल कंपनी के पास करीब 70 एकड़ जमीन है।
- जमीन की अनुमानित कीमत वर्तमान में 400 करोड़ रुपए है।
- नरीमन प्वाइंट मुंबई में 2500 वर्गफिट का ऑफिस है।
- फैक्ट्री में करोड़ों की मशीनरी और 100 कर्मचारी हैं कार्यरत।

## नए सत्र से बच्चों को गरम भोजन

समझौते पर हस्ताक्षर

कानपुर। नए सत्र में शहर के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को गरमागरम भोजन मिल सकेगा। इसकी कवायद भी शुरू कर दी गई है। इसके लिए सोमवार को जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह की उपस्थिति में मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी जय सिंह और अक्षयपात्र फाउंडेशन के प्रतिनिधि अनंत वीर्य दास ने संयुक्त रूप से आपसी समझौते पर हस्ताक्षर किए। अब अक्षयपात्र अपना किचन निमार्ण का कार्य शुरू कर सकेगा।

वर्ष 2012 में इसकी शुरुआत हुई थी लेकिन 2016 में कानपुर नगर समेत आठ शहरों के लिए बजट पास हो गया था। स्थानीय स्तर पर आपसी समझौते पर हस्ताक्षर भी हो गए थे। परमपुरवा में किचन के लिए स्थान भी तय कर दिया गया था। सत्ता परिवर्तन के बाद बजट रुकने से किचन निर्माण नहीं हो सका। शिक्षा विभाग ने इसके लिए दोबारा समझौते की सलाह दी थी जो काम सोमवार को हो गया।

### 16.9 करोड़ का बजट

नगर को 16.9 करोड़ का बजट दिया गया था जो मिल नहीं सका था। अब इसका बजट बढ़ने की संभावना है। इस राशि से एक लाख बच्चों के भोजन के लिए किचन बनाया जाना है। जो धनराशि दी गई है उससे किचेन निर्माण के साथ सिविल वर्क, मैकेनिकल वर्क, इलेक्ट्रिकल वर्क और अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाना था।

### किचन का होगा निर्माण

समझौते के बाद किचन निर्माण जल्द ही शुरू हो जाएगा। मई या जुलाई में अक्षयपात्र भोजन तैयार करना शुरू कर देगा। इससे बच्चों को क्वॉलिटी भोजन मिल सकेगा। अक्षयपात्र गुणवत्तायुक्त भोजन के लिए पहचानी जाती है। लखनऊ और मथुरा में यह व्यवस्था पहले से है।

## काम की खबरें

### बोर्ड परीक्षा और त्योहारों के चलते धारा 144 लागू

यूपी बोर्ड परीक्षाएं, शिवरात्रि, होली और रामनवमी को देखते हुए शहर में सोमवार से धारा 144 लागू कर दी गई है। एडीएम सिटी सतीश पाल ने बताया कि पांच अप्रैल तक यह लागू रहेगी। इसमें कोई भी अनाधिकृत शख्स परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के दायरे में प्रवेश नहीं कर सकेगा। धारा 144 का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### तहसील दिवस आज, डीएम सुनेंगे बाल भवन में समस्या

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस मंगलवार को सभी चारों तहसीलों में आयोजित किया जाएगा। डीएम सुरेंद्र सिंह और एसएसपी अखिलेश कुमार जनता की समस्या बालभवन में सुनेंगे। एडीएम भू/अध्याप्ति बिल्हौर, एडीएम फाइनेंस नर्वल और एडीएम आपूर्ति घाटमपुर तहसील में समस्याओं को सुनेंगे।

### शुल्क अंकित करने को लिंक खुला

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी डॉ. प्रियंका अवस्थी ने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सही मदरसों का सही शुल्क और त्रुटि रहित परीक्षाफल वेबसाइट पर 8 फरवरी तक खोल दी गई हैं।

### चार्टिंग के बाद रेल टिकट का आरक्षण

एनसीआर के पीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि दिल्ली-हावड़ा रूट की चुनिंदा ट्रेनों में आरक्षण चार्टिंग के बाद यदि खाली सीट बचती है तो ट्रेन छूटने के पांच मिनट पहले तक करंट काउंटर पर जाकर आरक्षण कराया जा सकता है। यह सुविधा कानपुर सेंट्रल के कैंट साइड आरक्षण खिड़की पर है।

### डीएल रिन्यूवल में ट्रेनिंग सर्टिफिकेट अनिवार्य

एआरटीओ प्रशासन आदित्य त्रिपाठी ने बताया कि कॉमर्शियल लाइसेंस के रिन्यूवल कराने में ट्रेनिंग की अनिवार्यता कर दी गई है। इसकी वजह से जिस किसी के डीएल का रिन्यूवल कराना है तो वह दफ्तर आकर फॉर्म भरने के बाद फीस जमा करे। इसके बाद रसीद लेकर रोडवेज ट्रेनिंग सेंटर जाकर प्रशिक्षण लें।

### 10 फरवरी से शुरू हो रहीं प्रायोगिक परीक्षाएं

गुरुनानक गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू हो रही है। प्राचार्या डॉ. मंजू सिंह ने बताया कि सभी परीक्षाएं सुबह नौ बजे शुरू होंगी। बीकॉम तृतीय वर्ष की परीक्षा 10 फरवरी, बीए द्वितीय व तृतीय वर्ष की परीक्षा 16 व 17 फरवरी और बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा 12 व 13 फरवरी को होगी।


कानपुर विकास प्राधिकरण

शुद्धि पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.11.2017 को "दैनिक समाचार-पत्र हिन्दुस्तान" में भूखण्ड संख्या-263 ब्लाक-सी योजना-सुजातगंज के नामान्तरण से सम्बन्धित विज्ञप्ति प्रकाशित कराई गयी थी। विज्ञप्ति में त्रुटिवश पंजीकृत वसीयत की दिनांक 01.02.2016 प्रकाशित हो गयी, जिसे अब दिनांक 01.02.2013 पढ़ा जाये। अंजू लता, विशेष कार्याधिकारी (जोन-4)


### अंदर के पेज पर खबरें


- एक्सप्रेस रोड समेत कई चौराहों पर लगा जाम–पेज 4
- फ्लाईओवर पर टकराए कई वाहन, एक की मौत –पेज 5
- गोविंदनगर में तेज धमाके के साथ धधका शोरूम–पेज 6


## रोडवेज के कर्मचारी 21 को लखनऊ में करेंगे घेराव

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

सातवें वेतनमान और महंगाई भत्ते की किस्त देने का ऐलान जब झकरकटी बस अड्डे पर परिवहन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नहीं किया तो इसके तत्काल बाद यूपी रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने आपात बैठक की। तय हुआ कि 21 फरवरी को सूबे भर के सभी रोडवेज कर्मी लखनऊ जाकर मांगों के समर्थन में मुख्यालय का घेराव करेंगे। संयुक्त परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरविंद कुरील और मंत्री एसएस सेंगर ने आरोप लगाया कि कर्मचारी हित में आयोजित समारोह में उम्मीद थी कि परिवहन मंत्री दो मांगों में एक का ऐलान जरूर करेंगे।

## कैंट बोर्ड ने रोका रेलवे का बाउंड्रीवॉल निर्माण

कानपुर। कैंट बोर्ड ने लखनऊ रेल क्रासिंग के निकट बाउंड्री वॉल का निर्माण सोमवार को रोक दिया। दलील दी गई कि रेलवे बाउंड्री वॉल निर्माण में पीली ईंटें लगा रहा है। रेलवे ने क्रासिंग पर एक तरफ बाउंड्री वॉल का निर्माण शुरू कराया है। दीवार में मानक के विपरीत लग रहे मसाले पर कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष लखन ओमर ने सुबह मौके पर पहुंच जांच की तो खपरा मोहाल के लोगों की शिकायत सही मिली।

# अहिरवां एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की बाउंड्रीवॉल का निर्माण शुरू

चकेरी | हिन्दुस्तान संवाद

- सतीश महाना ने भूमि पूजन कर किया आगाज, 3 माह में पूरा होगा काम
- जल्द ही नए स्वरूप में नजर आएगा चकेरी एयरपोर्ट, लगेंगे कंटीले तार

अहिरवां एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की बाउंड्रीवॉल का निर्माण सोमवार से शुरू कर दिया गया। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री सतीश महाना ने भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही अहिरवां एयरपोर्ट नए स्वरूप में नजर आएगा।

हवाई अड्डे के पीछे मवैया गांव के पास सोमवार को कैबिनेट मंत्री सतीश महाना कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। यहां पर उन्होंने बाउंड्रीवॉल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नए टर्मिनल की बाउंड्रीवॉल का काम तीन माह में पूरा हो जाएगा। यह करीब आठ फिट ऊंची बनाई जाएगी। इसके ऊपर कंटीले तार लगाए जाएंगे। निर्माण का काम पीडब्ल्यूडी करेगा। इससे पूर्व पूजन शोभन सरकार से आए महंत जीवन त्रिवेदी ने संपन्न कराया। यहां लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शिवप्रकाश ओझा, एस के गौतम, पीके अवस्थी व नीरज पांडेय समेत कई अफसर मौजूद थे। इसके अलावा एयरपोर्ट के डायरेक्टर जीमल खालिक, पार्षद कैलाश पांडेय, नगर महामंत्री राकेश रहे।


सोमवार को अहिरवां एयरपोर्ट के पास भूमि पूजन करते कैबिनेट मंत्री सतीश महाना।

HINDUSTAN - KANPUR


KOTHARI
PRODUCTS LIMITED

Regd. Off: "Pan Parag House", 24/19, The Mall Kanpur - 208001
Ph: (0512)-2312171 - 74 & Fax No.: (91) (0512) 2312058
E-Mail: rkgupta@kothariproducts.in,
Website: http://www.kothariproducts.in
CIN: L16008UP1983PLC006254

NOTICE

Pursuant to the provisions of Section 124(6) of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with The Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 as amended ("the Rules"), all shares in respect of which dividend has not been paid or claimed for last seven consecutive years or more are required to be transferred by Kothari Products Limited ("the Company") in the name of Investor Education and Protection Fund Authority ("IEPF Authority") established by the Central Government pursuant to the provisions of Section 125 of the Act. Ministry of Corporate Affairs vide its notification dated October 13, 2017, specified October 31, 2017 as the due date for transfer of shares to IEPF Authority in cases where the period of seven consecutive years or more for dividend remaining unpaid or unclaimed has been completed or being completed by October 31, 2017. Accordingly, the Company completed transfer of first tranche of eligible shares to IEPF Authority within the prescribed period.

The next due date for transfer of shares on which seven consecutive years of dividend remaining unpaid or unclaimed is being completed, in the name of the IEPF Authority is 26th September, 2018. The shares shall be transferred within a period of thirty days from the due date.

In case of shares which are held in physical form, new share certificates shall be issued for the purpose of transfer to IEPF Authority and the original share certificate shall stand cancelled.

Individual communication in this regard is being sent to the concerned Shareholders. Detail of such shareholders along with their folio number/DP ID- Client ID is available on the website of the Company at www.kothariproducts.in under "Investors" section. In case any shareholder(s) wishes to stop transfer of his/her shares in the name of the IEPF Authority, such shareholder(s) is requested to claim his unpaid or unclaimed dividend at the earliest from the Company and latest by 31st August, 2018.

In case no communication is received from the concerned shareholder(s) within the aforesaid time period the Company shall cause to transfer the relevant Dividend/Shares in the name of the Investor Education and Protection Fund (IEPF)/IEPF Authority pursuant to the provisions of the Act and the Rules.

Any person whose shares/unpaid dividend is transferred to the IEPF Authority/IEPF may claim the shares/dividend from IEPF Authority/IEPF, pursuant to the provisions of Section 124 and 125 of the Act and the Rules made thereunder by submitting an online application in Form IEPF-5 available on the website www.iepf.gov.in with a copy to the Company. Shareholders are requested to go through the individual communication issued by the Company in this regard and also the provisions of Section 124 and 125 of the Act and the Rules.

The above information is also available on Company's website www.kothariproducts.in and also on the websites of stock exchanges i.e. www.nseindia.com and www.bseindia.com.

For KOTHARI PRODUCTS LTD.
Sd/-
(Raj Kumar Gupta)
CS & Compliance Officer

Place: Kanpur
Date: 5th February, 2018



साड़ियों एवं सूट्स पर
प्योर शिफॉन, क्रेपप्रिन्ट, सिल्क, जार्जट, कोजीवरम, इम्ब्राइडरी आदि
सेवा की 50वीं वर्षगांठ पर
Credit Card Accepted
SALE
Sunday Open
कॉटन हाउस खटाऊ वाला
प्रीतम सिंह मार्केट (बाटा के पीछे), गुमटी नं. 5
फो.: 0512-2215625, 9336105073, 9839112277

कब्ज, गैस से परेशान?
कैस्टोफीन
RELIEF From CONSTIPATION
मुँह में छाले?
बोरीन
Mouth Ulcer Gel & Paint प्लस
TECHNOPHARM (P) LTD.



पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक!
punjab national bank ...the name you can BANK upon!
प्रधान कार्यालय – ब्लाक-4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075 शाखा कार्यालय- माल रोड, कानपुर, फोन 0512-2312809 – E: bo0255@pnb.co.in

मांग सूचना

यह कि पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय, माल रोड कानपुर ने जरिए प्राधिकृत अधिकारी निम्न लिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानती कानूनी वारिसान को उनके द्वारा ली गई ऋण सुविधा के पुनर्भुगतान तथा ब्याज में भुगतान में चूक करने पर उनका ऋण सुविधा को अक्रियान्वित आस्ति (एन.पी.ए.) के रूप में वर्गीकृत कर सरफेसी एक्ट की धारा 13 (2) के तहत नोटिस जारी किये थे। नोटिस निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानती वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पता पर भेजे गए थे जो बिना तामील हुए लौट कर आ गए है। अतः इस आम सूचना द्वारा उनको सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | नोटिस अर्न्तगत धारा 13(2) | अक्रियान्वित आस्ति की दिनांक | ऋणी/बंधककर्ता/जमानतीदार का नाम एवं पता | सम्पत्ति के स्वामी का नाम | ऋण राशि | नोटिस की दिनांक तक देय राशि | रहन/बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22.01.2018 | 11.01.2018 | 1.मेसर्स चंदेल एडवरटाईजिंग प्रा.लि. पता 1): जी-27/64-65 भूतल सेक्टर-3 रोहिणी, दिल्ली- 110085 पता 2): फ्लैट नं. सी-1/साई वाटिका 7/202-बी, स्वरूप नगर, कानपुर-208002 2.कु0 रेनू सिंह चंदेल पुत्री श्री सत्य नारायन सिंह पता 1): बी-5/263, सेक्टर-3 रोहिणी, दिल्ली- 110085 पता 2): फ्लैट नं. सी-1/साई वाटिका 7/202-बी, स्वरूप नगर, कानपुर-208002 पता 3): ई-4/143 भूतल, डीएवी पब्लिक स्कूल के पास, रोहिणी सेक्टर-7, दिल्ली 3. श्री अलोक अग्रवाल पुत्र श्री ओम प्रकाश अग्रवाल पता 1): 26/18 पूर्वी पटेल नगर, नई दिल्ली- 110008 पता 2): ई-4/143 भूतल, डीएवी पब्लिक स्कूल के पास, रोहिणी सेक्टर-7, दिल्ली पता 3): ए-130, गुलाब बाग, उत्तम नगर, दिल्ली 110059 | कु0 रेनू सिंह चंदेल पुत्री श्री सत्य नारायन सिंह | रू. 70,00,000 (रूपये सत्तर लाख) | रू. 54,10,645 (रूपये चौवन लाख दस हजार छः सौ पैन्तालीस) + ब्याज व अन्य व्यय दिनांक 31.12.2017 | प्रथम तल पर स्थित फ्लैट नं. सी-1 साई वाटिका 7/202 बी, स्वरूप नगर, कानपुर नगर, जिसका कुल क्षेत्रफल 84.28 वर्गमी0 है तथा जो कु0 रेनू सिंह चन्देल पुत्री श्री सत्य नारायन सिंह चन्देल के नाम पर है। चौहद्दी- पूर्व: उक्त परिसर के पीछे का हिस्सा उसके बाद परिसर संख्या 7/197 (पी. नं. 88), पश्चिम: फ्लैट संख्या सी-1, उत्तर: संयुक्त दीवार उसके बाद परिसर सं. 7/202 बी (1) और (2), दक्षिण: 10 फीट का खुला रास्ता उसके बाद प्लाट नं. 92 |

अतः यह सूचना उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अन्तर्गत डाक द्वारा भेजे गये की एवज में प्रकाशित की जा रही है। यह कि उक्त नामित ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता/गारंटर/कानूनी वारिसान व्यक्तियों को इस सूचना द्वारा यह प्रेषित किया जाता है कि इस नोटिस के प्रकाशित होने की दिनांक 60 दिवस के भीतर अपना उक्त वर्णित समस्त ऋण राशि मय ब्याज एवं समस्त खर्चा चुकायें अन्यथा ऐसा न होने पर बैंक द्वारा उक्त वर्णित अधिनियम के अन्तर्गत अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। अधिनियम 13 की धारा 8 के प्राविधानानुसार आपका ध्यान आकर्षित किया जाता है कि आरक्षित आस्तियों को निर्धारित समय के अन्तर्गत अवमुक्त करा लें। सूचित रहे कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार उक्त वर्णित समस्त ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता/गारंटर/कानूनी वारिसान इत्यादि सम्बन्धित बंधक सम्पत्तियों को बेचने/लीज अथवा अन्य किसी भी प्रकार से हस्तान्तरित एवम् अंतरण नहीं कर सकते है।

नोट: ऋणी/जमानतगीर/बंधककर्ता से अनुरोध है कि वे मूल नोटिस, पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय, माल रोड, कानपुर से एकत्र कर लें।

दिनांक: 06.02.2018 स्थान : कानपुर प्राधिकृत अधिकारी


बोर्ड की ओर से भवन स्वामियों से लिए जाएंगे आवेदन

## लीज रिन्यूवल के लिए छावनी में बनाई कमेटी

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

कैंट बोर्ड ने आठ वार्डों में लीज नवीनीकरण के लिए सोमवार से प्रस्ताव दाखिल करने का रास्ता खोल दिया है। इसके लिए एक अलग कमेटी बनी है। कमेटी वार्डवार मिल रहे भवन स्वामियों के प्रस्तावों पर मंत्रणा के बाद अंतिम फैसला करेगी। लीज नवीनीकरण कर दिया जाएगा पर भवनवार सर्वे कर जुर्माने की रकम तय की जाएगी। बोर्ड ने वर्षों से लटके पड़े 365 भवनों के प्रस्ताव भी नए सिरे से मांगे हैं।

अभी तक भवन में अवैध निर्माण, डिवीजन, अतिक्रमण पर कैंट बोर्ड लीज नवीनीकरण पर रोक लगाए हुए था। कैंट बोर्ड में अभी तक उन्हीं की लीज का नवीनीकरण हो रहा था जिनके यहां मानक सही मिल रहे थे। अब मानक के विपरीत भवनों का भी लीज नवीनीकरण होगा पर उनसे जुर्माना वसूला जाएगा।

कैंट के भवन स्वामियों को भवन का पूरा ब्योरा और कागजातों के साथ बोर्ड में अलग आवेदन करना होगा। हर आवेदन के निस्तारण के लिए अलग-अलग कमेटी बनाई जाएगी। फिलहाल कैंट बोर्ड दिसम्बर 2018 तक ही लीज का नवीनीकरण करेगा। कैंट बोर्ड के उपाध्यक्ष लखन ओमर का कहना है कि बोर्ड का यह बड़ा कदम है। लीज नवीनीकरण कर दी जाएगी, इसके लिए एक कमेटी बना दी गई है। तीस साल बाद कमेटी ही लीज प्रस्तावों को फाइनल करेगी। प्रस्ताव लेने का रास्ता सोमवार से खोल दिया गया है।



### रास्ता साफ

- क्षेत्र के सभी आठ वार्डों में लागू किया गया आदेश
- वर्षों से लटके पड़े 365 भवनों के प्रस्ताव भी मांगे गए

Business Standard NEW DELHI | TUESDAY, 6 FEBRUARY 2018

Corporate Office: "Saudamini", Plot No.2, Sector-29, Near IFFCO Chowk, Gurgaon (Haryana)-122 001

POWERGRID - One Nation - One Grid - One Frequency

BUSINESS STANDARD – NEW DELHI

# KOTHARI PRODUCTS LIMITED

Regd. Off: "Pan Parag House", 24/19, The Mall Kanpur - 208001
Ph: (0512)-2312171 - 74 & Fax No.: (91) (0512) 2312058
E-Mail: rkgupta@kothariproducts.in,
Website: http://www.kothariproducts.in
CIN: L16008UP1983PLC006254

## NOTICE

Pursuant to the provisions of Section 124(6) of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with The Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 as amended ("the Rules"), all shares in respect of which dividend has not been paid or claimed for last seven consecutive years or more are required to be transferred by Kothari Products Limited ("the Company") in the name of Investor Education and Protection Fund Authority ("IEPF Authority") established by the Central Government pursuant to the provisions of Section 125 of the Act. Ministry of Corporate Affairs vide its notification dated October 13, 2017, specified October 31, 2017 as the due date for transfer of shares to IEPF Authority in cases where the period of seven consecutive years or more for dividend remaining unpaid or unclaimed has been completed or being completed by October 31, 2017. Accordingly, the Company completed transfer of first tranche of eligible shares to IEPF Authority within the prescribed period.

The next due date for transfer of shares on which seven consecutive years of dividend remaining unpaid or unclaimed is being completed, in the name of the IEPF Authority is 26th September, 2018. The shares shall be transferred within a period of thirty days from the due date.

In case of shares which are held in physical form, new share certificates shall be issued for the purpose of transfer to IEPF Authority and the original share certificate shall stand cancelled.

Individual communication in this regard is being sent to the concerned Shareholders. Detail of such shareholders along with their folio number/DP ID- Client ID is available on the website of the Company at **www.kothariproducts.in** under "Investors" section. In case any shareholder(s) wishes to stop transfer of his/her shares in the name of the IEPF Authority, such shareholder(s) is requested to claim his unpaid or unclaimed dividend at the earliest from the Company and latest by 31st August, 2018.

In case no communication is received from the concerned shareholder(s) within the aforesaid time period the Company shall cause to transfer the relevant Dividend/Shares in the name of the Investor Education and Protection Fund (IEPF)/IEPF Authority pursuant to the provisions of the Act and the Rules.

Any person whose shares/unpaid dividend is transferred to the IEPF Authority/IEPF may claim the shares/dividend from IEPF Authority/IEPF, pursuant to the provisions of Section 124 and 125 of the Act and the Rules made thereunder by submitting an online application in Form IEPF-5 available on the website **www.iepf.gov.in** with a copy to the Company. Shareholders are requested to go through the individual communication issued by the Company in this regard and also the provisions of Section 124 and 125 of the Act and the Rules.

The above information is also available on Company's website **www.kothariproducts.in** and also on the websites of stock exchanges i.e. **www.nseindia.com** and **www.bseindia.com**.

For KOTHARI PRODUCTS LTD.
Sd/-
(Raj Kumar Gupta)
CS & Compliance Officer

Place: Kanpur
Date: 5th February, 2018

---

Quarter and Nine months ended 31

| SL No | Particulars | Quarter Ended 31.12.2017 |
|---|---|---|
| 1. | Total Income from operations | 12925 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and Exceptional items) | (2626) |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period (before tax and after Exceptional items) | (2626) |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period (after tax and Exceptional items) | (2207) |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (2211) |
| 6. | Paid-up equity share capital (Face value of Rs.10/- per share) | 2817 |
| 7. | Earnings Per Share (not annualized) (of Rs.10/- each) - Basic | (7.84) |
| 8. | Earnings Per Share (not annualized) (of Rs.10/- each) - Diluted | (7.82) |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Quarterl Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligatior Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / 9 months F the Stock Exchanges websites at www.bseindia.com, www. Company's website at www.rajshreesugars.com

Place : Coimbatore
Date : 5th February, 2018

---

# Vardhmān VARDHMAN AC

Delivering Excellence. Since 1965.

Regd. Office : Chandigarh Ro
CIN: L51491PB1990PLC019212, PAN: AA
Website: www.vardhman.com, Email: secretarial.lu

## Unaudited Financial Results for the Quarter & Nine Months

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended 31st Dec, 2017 Unaudited | Quarter Ended 30th Sept, 2017 Unaudited | Quarter Ended 31st Dec, 2016 Unaudited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 90.78 | 96.14 | 76.98 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and Exceptional items) | 17.18 | 8.15 | 8.59 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 17.18 | 8.15 | 8.59 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items) | 14.58 | 7.13 | 6.05 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 14.58 | 7.13 | 6.05 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 80.36 | 80.36 | 93.01 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) ( in Rs.) (not annualized): | | | |
| | (a) Basic | 1.81 | 0.89 | 0.65 |
| | (b) Diluted | 1.81 | 0.89 | 0.65 |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed wit of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full form Results are available on the websites of the Stock Exchanges www.nseindia.com and webs

For and on behalf of VAR

Place : Gurugram
Date : 05.02.2018

मेमू से लेकर एक्सप्रेस ट्रेनें भी एक मिनट के लिए रुकेंगी, सेंट्रल स्टेशन का यात्री लोड 50 फीसदी तक घटने की उम्मीद

# जयपुरिया क्रॉसिंग व शांतिनगर में साइड प्लेटफॉर्म

अच्छी खबर 1

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

सेंट्रल स्टेशन पर यात्री लोड कम करने के मकसद से रेलवे प्रशासन ने दो आउटरों पर रोड साइड प्लेटफॉर्म बनवाने का फैसला किया है। ये प्लेटफॉर्म शांतीनगर और जयपुरिया क्रॉसिंग पर बनवाए जाएंगे। यहां मेमू, पैसेंजर सहित मेल, एक्सप्रेस का एक-एक मिनट का स्टॉपेज होगा। इस व्यवस्था से सेंट्रल का दैनिक यात्री लोड करीब 30 हजार तक कम होने की उम्मीद है।

बीते कई माह से सेंट्रल स्टेशन का लोड घटाने की चल रही कवायद के तहत सर्वे करने वाली टीम ने सुझाव दिया कि सेंट्रल स्टेशन के चौतरफा आउटरों पर रोड साइड प्लेटफार्म बना दिए जाए। सर्वे में कहा गया है कि इस तरह के प्लेटफॉर्म बनने से सेंट्रल स्टेशन का यात्री लोड पचास फीसदी तक घट जाएगा। इसके साथ ही आउटरों पर होने वाले अपराध और अकारण चेन पुलिंग से होने वाली दिक्कतों की समस्या का समाधान होगा। प्रयोग के तौर पर रेलवे ने लखनऊ रूट पर जयपुरिया क्रॉसिंग से मरेकंपनी पुल के बीच और इलाहाबाद रूट पर कटहरीबाग पुल से शांतीनगर के पास दो रोड साइड प्लेटफार्म बनाने पर मुहर लगाई है।

5 ओवरलोड स्टेशनों के आउटरों पर रोड साइड प्लेटफॉर्म की सुविधा होने से कई फायदे होंगे। यात्री हित में यह प्रयोग साबित होगा। लोगों को दिक्कत न हो, इसके लिए रेलवे प्रयत्नशील रहता है। इसकी शुरुआत हो चुकी है।
– राजेंद्र सिंह, पीआरओ, एनईआर

**यात्रियों को होंगे फायदे**
- स्टेशन पर उतरकर बाहर निकलने में समय बचेगा
- सेंट्रल पर भीड़ कम होगी, सुविधाएं बढ़ सकेंगी
- आउटरों पर चेनपुलिंग की घटनाएं खत्म होंगी
- रोड साइड प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा बल तैनात रहेगा

**ये सुविधा तो अच्छा होगा**
- फर्रुखाबाद रूट : नौ नंबर गुमटी से गुरुदेव पैलेस क्रॉसिंग के बीच
- झांसी रूट : गोविंदपुरी से भीमसेन साइड आउटर के पास

## 20 हजार मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास बनेंगे

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

प्रधानमंत्री आवास के बाद अब प्रदेश सरकार गरीबों के लिए मुख्यमंत्री आवास बनाने जा रही है। 02 प्रधानमंत्री आवास पाने से वंचित रहे 20 हजार लाभार्थियों को रहने के लिए छत मिलेगी। तीन वर्ष में 20 हजार मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास बनेंगे। प्रदेश में पहली बार सीएम ग्रामीण आवास योजना शुरू की है। इससे पहले लोहिया आवास योजना चलती थी।

**तोहफा**
- तीन वर्ष में तैयार किए जाएंगे ग्रामीण आवास
- 1, 47,600 रुपए प्रति आवास के लिए मिलेंगे

दो फरवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना का शुभारंभ किया था। इसमें प्रधानमंत्री आवास पाने से वंचित रहे 20 हजार लाभार्थियों को आवास दिए जाने हैं। नई योजना में पात्रता गरीबी रेखा के नीचे और कच्चे घर के एक या दो कमरे में रहने वाले लाभार्थियों को आवास मिलेगा।

परियोजना निदेशक डीआरडीए केके पांडेय ने बताया कि योजना में एक लाख 20 हजार रुपए आवास, 12 हजार रुपए शौचालय और 15600 रुपए मनरेगा के तहत मिलेंगे। योजना के तहत आवास 25 वर्गमीटर में होंगे। स्वच्छ किचन और शौचालय भी बनाए जाएंगे। पहली बार लोगों को सीएम आवास मिलने जा रहे हैं। पूरी फंडिंग यूपी सरकार करेगी।

**पहले वर्ष 5-6 हजार आवास**

तीन वर्ष में 20 हजार सीएम ग्रामीण आवास बनकर तैयार होंगे। इसकी रूपरेखा की तैयारी हो रही है। पहले वर्ष में पांच से छह हजार आवास बनेंगे। इसके बाद बकाया आवास का निर्माण होगा। इससे पात्र सूची में आने वाले सभी लाभार्थियों को आवास मिल जाएंगे।

**221 पीएम आवास ही बने**

2011 जनगणना के मुताबिक 55 हजार लाभार्थियों की सूची तैयार हुई थी। इसमें 15,000 लाभार्थी पीएम आवास को सही मिले थे। इनमें से 5788 पीएम आवास के लिए किस्त जारी कर दी गई है। अभी तक 221 आवास ही बन सके हैं।

## शहरियों को गर्मी में नहीं होगा पानी का संकट

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

जलकल विभाग को गर्मी में गंगा से कच्चा पानी मिलता रहे, इसके लिए गंगा बैराज से भैरोघाट पंपिंग स्टेशन तक पाइप लाइन डाली जाएगी। 03 शासन ने इसकी मंजूरी दे दी है।

अमृत योजना के तहत इसकी फंडिंग होगी। पाइप लाइन बिछाने से जलकल को गर्मी में ड्रेजिंग करने से राहत मिलेगी। इससे शहर में पेयजल का संकट नहीं होगा। जलकल को हर बार गर्मी में भैरोघाट के सामने ड्रेजिंग मशीनें लगाकर गंगा की धारा उस पार से भैरोघाट लानी पड़ती है। गर्मी में गंगा की धारा कानपुर के घाटों से दूर हो जाती है। इस समस्या से निदान के लिए जलकल विभाग ने पूर्व में दस करोड़ से गंगा बैराज से भैरोघाट तक 1500 एमएम की पाइप लाइन बिछाने का प्रोजेक्ट तैयार किया था। इसी को शासन ने मंजूर कर जल निगम को जिम्मेदारी दी है।

**अमृत योजना**
- जलकल विभाग के प्रस्ताव को शासन ने दी मंजूरी
- अमृत योजना के तहत काम के लिए होगी फंडिंग



**200 एमएलडी पानी की रोज होती है सप्लाई**

जलकल विभाग भैरोघाट से रोज 200 एमएलडी पानी लिफ्ट कर बेनाझाबर पम्पिंग स्टेशन ले जाता है। फिर शोधित कर शहर के पुराने क्षेत्रों में पानी की सप्लाई करता है। पाइप लाइन से जलकल को रोज पानी मिलता रहेगा। जलकल के जीएम आरपीएस सलूजा का कहना है कि योजना का प्रारूप बनकर अमृत योजना में भेजा जा चुका है। शासन ने मंजूरी दे दी है।

## दिन में बदली, सिहरन का अहसास

कानपुर। आसमान में छाए बादलों के कारण सर्दी एक बार फिर लौट आई है। दिन में बदली के कारण लोगों को एक बार फिर सिहरन का अहसास हुआ।

तेज धूप के कारण गर्मी महसूस कर रहे शहरवासियों ने मान लिया था कि सर्दी खत्म हो गई है मगर सोमवार से मौसम में आए बदलाव ने लोगों को एक बार फिर डराना शुरू कर दिया है। आसमान में बदली छाए रहने से सर्दी बढ़ने का खतरा लगातार बना हुआ है। इससे लोग सर्दी न लगने के बावजूद दो-दो स्वेटर या जैकेट पहनकर निकल रहे हैं। बदली के कारण रात के तापमान में वृद्धि हुई है। सोमवार को दिन का तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस था तो मंगलवार को 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सोमवार को न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस था जो मंगलवार को बढ़कर 10.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनिरुद्ध दुबे ने बताया कि बुधवार को भी बदली रहने की संभावना है।

## 176 बाशिंदों के सिर पर रहेगी छत

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों को होली से पहले ही तोहफा दे दिया है।

04 सोमवार को मुख्यमंत्री ने अकबरपुर संसदीय क्षेत्र के पार्टी के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने शहर की रतनपुर कॉलोनी के 176 लोगों को जारी हो चुके बेदखली नोटिस को गंभीरता से लिया। इसके साथ ही उन्होंने बकाया किस्तों का समाधान योजना के तहत निस्तारण भी तत्काल कर दिया। उन्होंने भुगतान राशि को किस्तों में लेने के निर्देश दिए। सीएम के इस फैसले से यहां के बाशिंदों की छत नहीं छिनेगी।

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने महाराजपुर के सभी गांवों के विद्युतीकरण और मुख्य मार्गों से जोड़ने के अलावा कई प्रस्ताव दिए। इसके साथ ही बिठूर से विधायक अभिजीत सांगा ने ऐतिहासिक बिठूर को पर्यटन स्थल घोषित करने और धरोहरों को संजोने का प्रस्ताव सीएम को दिया। घाटमपुर की विधायक कमल रानी वरुण ने ऐतिहासिक धरोहरों को पर्यटन स्थल बनाने का प्रस्ताव दिया।

कल्याणपुर की विधायक नीलिमा कटियार ने रतनपुर कॉलोनी के 176 लोगों को बेदखली का नोटिस, न्यू शिवली रोड से जीटी रोड तक दूसरी सड़क बनाने, जेके कैंसर अस्पताल को राज्यस्तरीय दर्जा दिए जाने और चेस्ट हॉस्पिटल को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री ने सभी के प्रस्तावों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इन पर मुहर लगा दी।

## एलईडी लाइटों पर महापौर की रोक

कानपुर। शहर में एलईडी लाइटें लगाने पर महापौर प्रमिला पांडेय ने रोक लगा दी है। निजी कम्पनी जोन-2 और 4 के बाद पूरे शहर में सोडियम लाइटें हटाकर एलईडी लाइटें लगा रही है पर लाइटें कुछ दिन जलने के बाद बंद हो रही हैं। पार्षदों की शिकायतें भी रोज मिल रही थीं, इसलिए यह निर्णय लिया गया है।

मंगलवार को नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अधिशासी अभियंता राम नगीना त्रिपाठी को बुलाकर महापौर ने बातचीत की। महापौर ने निर्देश दिया कि कंपनी पहले यहां पर कंट्रोल रूम खोले और सभी पार्षदों से राय-मशविरा करे। जल निगम के अफसरों से भी शिष्टाचार भेंट की गई है। महापौर ने इससे पहले यशोदानगर वार्ड 46 में इलाके का दौरा किया।

## काम की खबरें

**कैनाल पटरी के कई क्षेत्रों में रहेगा जलसंकट**

जलकल विभाग के जोन एक अधिशाषी अभियंता के अनुसार कैनाल पटरी जलाशय और ओवरहेड पानी की टंकी में सफाई होगी। बुधवार को कैनाल पटरी के दोनों तरफ के क्षेत्रों कैनाल रोड, हूलागंज, सुतरखाना प्रभावित रहेगा।

**बच्चों के अस्थमा के लिए विशेष ओपीडी आज**

अस्थमा और एलर्जी से पीड़ित बच्चों के लिए हैलट अस्पताल में बुधवार को कमरा नंबर 17 में विशेष ओपीडी लगेगी। सुबह 10 से 12 बजे तक ओपीडी में विशेषज्ञ डॉ. राज तिलक मरीजों को देखेंगे।

**आज नहीं आएगी राष्ट्रपति आवास की बिजली**

शिफ्टिंग का काम होने से बुधवार को राष्ट्रपति आवास समेत कई इलाकों की बिजली सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक गायब रहेगी। बिठूर, ईश्वरीगंज, बैकुंठपुर, दयानंद विहार, इन्द्रानगर, नवशील धाम, कल्याणपुर मार्केट प्रभावित रहेंगे।

**पांच अप्रैल तक लागू की गई धारा 144**

महाशिवरात्रि, होलिका दहन, गंगा मेला, रामनवमी, महावीर जयंती, यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर डीएम ने धारा 144 लागू कर दी। पांच अप्रैल तक यह लागू रहेगी। परीक्षा केंद्र की 100 मीटर की परिधि में कोई भी प्रवेश नहीं करेगा।

**ग्रामीण पेयजल कंट्रोल रूम में कर सकते हैं शिकायत**

ग्रामीण पेयजल समस्या को त्वरित निस्तारित करने के लिए विकास भवन कार्यालय में जनपद स्तरीय ग्रामीण पेयजल मिशन नियंत्रण कक्ष खोला गया है। कक्ष नियंत्रण के लिए लेखाकार और कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात किए गए हैं। 0512-2554206 नंबर पर फोन कर सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक समस्या बता सकते हैं। इसमें पाइप पेयजल योजना, खराब हैंडपंप और रीबोर हैंडपंप से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत कर सकते हैं।

**उद्यमियों के लिए कई ऑनलाइन सुविधाएं**

यूपीएसआईडीसी में लगभग आधा दर्जन सुविधाएं ऑनलाइन हो गईं। अब आवंटी परियोजना परिवर्तन, भूखंडों के उप विभाजन, भू उपयोग परिवर्तन के अलावा मानचित्र स्वीकृत करने के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

**आप भी हैं पत्रकार**

कानपुर की समस्याओं से आप विचलित रहते हैं। अपनी आवाज उठाना चाहते हैं। आइए हिन्दुस्तान के सिटीजन जर्नलिस्ट बनकर समस्या भेजिए। हम आपकी आवाज उठाएंगे।



किदवईनगर के विराटनगर में तारों के बीच झूलता यह पेड़ कभी भी हादसे का सबब बन सकता है। केस्को और संबंधित विभागों के अफसरों से शिकायत भी की जा चुकी है। यह तस्वीर हमारे सुधी पाठक मयंक मिश्रा ने भेजी है।

**हमें फोन पर बताएं**

'हिन्दुस्तान' को शाम पांच से सात बजे तक इस नंबर पर करें कॉल। 0512-8870309

खबर व फोटो भेजने के लिए मेल करें : kanpur@livehindustan.com शहरवासी किसी समस्या से संबंधित फोटो हमें भेज सकते हैं। हम उसे प्रकाशित करेंगे।

## ट्रैक दोहरीकरण के लिए 30 करोड़ रुपए मंजूर

कानपुर-मानिकपुर

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

रेल बजट में इस बार कानपुर-मानिकपुर वाया बांदा रेललाइन के दोहरीकरण कार्य में 30 करोड़ रुपए मिलेंगे। यह राशि रेल बजट 2018-2019 में खर्च करने का प्रावधान भी कर दिया गया है। इस लाइन के दोहरीकरण के बाद नई ट्रेन चलाने का रास्ता साफ हो जाएगा। यह कार्य अगले साल तक पूरा होने की उम्मीद है।

कानपुर-मानिकपुर रेल लाइन दोहरीकरण का प्रस्ताव पांच साल पहले मंजूर हुआ था। पिछले बजट में इस लाइन के दोहरीकरण कार्य में एक पैसा भी जारी नहीं हुआ था। इस वजह से कार्य बंद था। अबकी बार एक फरवरी को पेश हुए रेल बजट में 30 करोड़ रुपए की राशि इस कार्य के लिए जारी कर दी गई। साथ ही यातायात सर्वे का भी कार्य भी इस राशि से होगा। इसकी पुष्टि एनसीआर पीआरओ अमित मालवीय ने की है।

**यात्रियों को ये फायदे होंगे**
- इलाहाबाद से कानपुर के बीच ट्रैक बाधित होने पर डायवर्जन का नया रूट
- वाया मानिकपुर जबलपुर और अन्य स्थानों को नई ट्रेन चलाने का रास्ता
- मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए वाया झांसी या दक्षिण भारत को ट्रेन चलाने का एक विकल्प होगा

**औरैया-इटावा से बिंदकी नई लाइन को लगा झटका**

रेल बजट में औरैया-इटावा से बिंदकी वाया भोगनीपुर के बीच प्रस्तावित नई रेललाइन को अबकी बजट में कोई पैसा जारी नहीं हुआ है। इसका मतलब साफ है कि प्रस्तावित रेल लाइन का काम इस साल एक इंच भी आगे नहीं बढ़ेगा।

## लखनऊ रूट पर पांच घंटे का ब्लॉक, 12 ट्रेनें फंसीं

कानपुर। लखनऊ रूट पर मंगलवार को सरैया रेलवे क्रासिंग पर ट्रैक मेंटीनेंस का काम मंगलवार को दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक चला। इसकी वजह से लखनऊ रूट की डाउन लाइन पर पांच घंटे संचालन बंद रहा। इस कारण राप्तीसागर, मेमू सहित एक दर्जन ट्रेनें एक से दो घंटे तक फंसी रहीं। सरैया रेलवे क्रासिंग की डाउन लाइन (कानपुर से लखनऊ जाने वाला रूट) पर मरम्मत काम इंजीनियरिंग टीम ने दोपहर को ब्लॉक लेकर शुरू किया। वहीं, लखनऊ रूट पर मंगलवार को सुबह पांच बजे मगरवारा के पास रेल सिग्नल सिस्टम फेल हो गया। इसके बाद टीम ने ब्लॉक लेकर मरम्मत काम शुरू किया। इंजीनियरिंग टीम सुबह करीब साढ़े छह बजे सिग्नल को ठीक कर पाई, तब जाकर ट्रेन संचालन शुरू हुआ। इस फेर में मेल, एक्सप्रेस सहित चार ट्रेनें प्रभावित हुईं।





स्तन की गाँठ को अनदेखा न करें
यह कैंसर भी हो सकता है।
डा. अर्चिता गुप्ता
M.B.B.S., M.D. (कैंसर रोग विशेषज्ञ)
S.N. MEMORIAL CANCER CENTRE
CLINIC 1 एस.एन.मेमो.कैंसर सेन्टर
117/31-A सर्वोदय नगर, निकट बाबा मुक्तनाथ आश्रम, कानपुर | Ph.: 0512-2242066, 9935861114
CLINIC 2 विकास डायग्नोस्टिक्स
111/82, अशोक नगर, फातिमा स्कूल के पास, कानपुर | Ph.: 9415042672, 7753861113

HINDUSTAN KANPUR

KOTHARI PRODUCTS LIMITED
Regd. Off: "Pan Parag House", 24/19, The Mall, Kanpur (U.P)-208001
Ph No.: (0512)-2312171 - 74 & Fax No. : (91) (0512) 2312058
E-Mail: rkgupta@kothariproducts.in, Website: http://www.kothariproducts.in
CIN: L16008UP1983PLC006254

NOTICE

This has reference to our previous Notice published in this newspaper on 20th January, 2018 regarding intimation of Board Meeting of the Company for considering its Un-audited Financial Results for the Third Quarter & Nine months ended 31st December, 2017. In this connection we wish to inform you that due to some unavoidable reasons, the Company has decided to change the date of aforesaid Board Meeting to 14th February, 2018 instead of 12th February, 2018 interalia, to consider, approve and take on record the aforesaid Results of the Company.

Further, consequent to the aforesaid change in Board Meeting Date and pursuant to the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 and Insider Trading Code of the Company, the trading window for trading in the shares of the Company will remain closed from Friday 19th January, 2018 to Saturday 17th February, 2018 (both days inclusive). All the designated persons including Promoters, Directors, Key Managerial Personnel and designated employees of the Company have been advised not to deal in the shares of the Company during the aforesaid period. The aforesaid window shall be re-opened from Monday 19th February, 2018.

The aforesaid notice can also be seen at the Company's Web-site at www.kothariproducts.in and also at the www.bseindia.com & www.nseindia.com.

Place: Kanpur
Date: 6th February, 2018

for KOTHARI PRODUCTS LTD.
Sd/-
(RAJ KUMAR GUPTA)
CS & COMPLIANCE OFFICER
FCS-3281



Marketing manager (Cell No.-9437283394) of the Industry for details regarding the Sugar Sale. **Managing Director**

BUSINESS STANDARD - NEW DELHI

# KOTHARI
## PRODUCTS LIMITED


**Regd. Off:** "Pan Parag House", 24/19, The Mall, Kanpur (U.P)- 208001
**Ph No.:** (0512)-2312171 - 74 & **Fax No.** : (91) (0512) 2312058
**E-Mail:** rkgupta@kothariproducts.in, **Website:** http://www.kothariproducts.in


**CIN:** L16008UP1983PLC006254


## NOTICE

This has reference to our previous Notice published in this newspaper on 20th January, 2018 regarding intimation of Board Meeting of the Company for considering its Un-audited Financial Results for the Third Quarter & Nine months ended 31st December, 2017. In this connection we wish to inform you that due to some unavoidable reasons, the Company has decided to change the date of aforesaid Board Meeting to 14th February, 2018 instead of 12th February, 2018 interalia, to consider, approve and take on record the aforesaid Results of the Company.

Further, consequent to the aforesaid change in Board Meeting Date and pursuant to the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 and Insider Trading Code of the Company, the trading window for trading in the shares of the Company will remain closed from Friday 19th January, 2018 to Saturday 17th February, 2018 (both days inclusive). All the designated persons including Promoters, Directors, Key Managerial Personnel and designated employees of the Company have been advised not to deal in the shares of the Company during the aforesaid period. The aforesaid window shall be re-opened from Monday 19th February, 2018.

The aforesaid notice can also be seen at the Company's Web-site at **www.kothariproducts.in** and also at the **www.bseindia.com** & **www.nseindia.com.**

for KOTHARI PRODUCTS LTD.
Sd/-
(RAJ KUMAR GUPTA)
CS & COMPLIANCE OFFICER
FCS-3281

Place: Kanpur
Date: 6th February, 2018